>

Title: Need to run MEMU (Mainline Electric Multiple Unit) trains between Kanpur and Lucknow originating from Harauni Railway Station as per their scheduled time and augment railway services at the Station.

श्रीमती सुशीला सरोज (मोहनलालगंज): रेलवे का देश में जो नेटवर्क है उसका और कोई विकल्प नहीं हो सकता। मेरे संसदीय क्षेत्र में रेलवे के विभिन्न कार्यों के लिए जनता की लंबे समय से कई मांगें हैं, जिसके संबंध में अनेक माध्यमों से रेलवे मंत्रालय तक अपनी बात जन-प्रतिनिधि पहुंचाते रहे हैं पर स्थानीय नागरिकों की जायज मांगों पर रेलवे मंत्रालय द्वारा अभी तक अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई है।

कानपुर-लखनऊ पूखण्ड पर हरौनी रेलवे स्टेशन से कई मेमू गाड़ियां चलती हैं जिससे लखनऊ स्थित विभिन्न कार्यालयों में नौकरी-पेशा लोग आते-जाते हैं परंतु ये मेमू गाड़ियां अपने समय से काफी विलंब से चलती हैं जिससे स्थानीय नागरिकों को नौकरी हेतु समय से कार्यालय और घर पहुंचने में असुविधा होती है। मेमू गाड़ियों के विलम्ब होने का मुख्य कारण इन्हें प्राथमिकता न देने के कारण होती है।

इस हरौनी स्टेशन पर पहले एक्सप्रेस गाड़ी का ठहराव था परंतु उसे भी अब समाप्त कर दिया है। इसी क्रम में अन्य मांगों के साथ स्थानीय जनता की मांग है कि यहां से पहले की भांति एक्सप्रेस गाड़ी (चित्रकूट एक्सप्रेस) का ठहराव इस हरौनी स्टेशन पर अवश्य किया जाए।

मेरी मांग है कि हरौनी रेलवे स्टेशन पर निम्न सुविधाएं अविलंब उपलब्ध कराने हेतु रेलवे आवश्यक कदम उठाए - मेमू गाड़ियों का संचालन समय से हो, उपरिगामी पुल निर्माण, लो लेबल के प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाई जाए, प्लेटफार्म नं. 1 एवं 2 पर यात्रियों के लिए अंग्रेजों के जमाने के बने शेड एवं बैठने के सीटों को वर्तमान यात्रियों की संख्या के अनुरूप विस्तार एवं पेयजल के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।